दिनांक 26.09.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास का आबंटन किया जायेगा

भिलाईनगर। शासन के प्राप्त आदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित मकानो का आबंटन हितग्राहियो को निरंतर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी एएचपी) किफायती आवास मोर मकान–मोर आस घटक के मकानों का निर्माण किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के आवास हीन हितग्राहियो को आवास योजना के मकानो का आबंटन किया जा रहा है। जिससे नागरिको को रहने के लिए स्वयं का घर मिल सके। नगर निगम भिलाई द्वारा भिलाई शहर के अलग–अलग जगहो पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों का निर्माण किया गया है। जिसका आबंटन हितग्राहियो को मकान का निर्माण पूर्ण होने पर किया जाता है। शासन के दिशा निर्देश अनुसार हितग्राहियो से निर्धारित फार्म का वितरण एवं जमा लिया जाता है। साथ ही हितग्राहियो से संबंधित क्षेत्र के मकान के लिए 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कराई जाती है। हितग्राहियो के दस्तावेज सत्यापन के बाद पात्र हितग्राहियो को लॉटरी पद्वति से मकान का आबंटन कर दिया जाता है। इसी तारतम्य में निगम भिलाई के 444 एवं 416 यूनिट के मकानो का आबंटन दिनांक 03.10.2024 को समय प्रातः 11:00 बजे मुख्य कार्यालय परिसर में किया जायेगा। पात्र हितग्राही अपने साथ आवश्यक दस्तावेज एवं रसीद की कापी लेकर उपस्थित होवे। जिससे लॉटरी में उन्हे शामिल कर मकान का आबंटन किया जा सके। समय का सब लोग ध्यान रखेंगे लॉटरी उनके सामने निकल जाएगी।